

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## आस्था और सेवा से लोगों को मिल रही उम्मीद

### मनीष शर्मा के पास दूर-दूर से पहुंच रहे मरीज




श्री श्याम भगत जी मनीष शर्मा के यहां बड़ी संख्या में लोग अपनी स्वास्थ्य और पारिवारिक समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं के अनुसार, मनीष शर्मा के मार्गदर्शन और धार्मिक-आध्यात्मिक विधि से कई लोगों को मानसिक और शारीरिक रूप से राहत महसूस हुई है। यही कारण है कि राजस्थान सहित आसपास के राज्यों से भी लोग यहां पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे कुछ मरीजों ने भी यहां आने के बाद अपनी स्थिति में सुधार महसूस किया है। कई परिजनों का दावा है कि जिन मामलों में इलाज को लेकर निराशा थी, वहां आस्था और विश्वास के साथ आने से मरीजों का मनोबल बढ़ा और उन्हें बेहतर महसूस होने लगा। समर्थकों के अनुसार, अब तक बड़ी संख्या में लोग राहत मिलने की बात कह चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां आने वाले जरूरतमंदों के लिए रहने और भोजन की व्यवस्था भी की जाती है, जिससे दूर-दराज से आने वाले लोगों को सुविधा मिलती है। मनीष शर्मा से जुड़े लोग इसे सेवा भाव बताते हैं और कहते हैं कि यहां आने वाले लोगों को उम्मीद, सकारात्मकता और मानसिक संबल मिलता है, जो किसी भी बीमारी से लड़ने में अहम भूमिका निभाता है। इलाके में मनीष शर्मा को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है और बड़ी संख्या में लोग उन्हें आस्था और विश्वास से जुड़ा मानते हैं। समर्थकों का कहना है कि उनकी सेवा भावना से कई परिवारों को सहारा मिला है और लोग उन्हें एक उम्मीद के रूप में देखते हैं।

## Maharashtra Deputy CM

### अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार बनेंगी महाराष्ट्र की नई डिप्टी सीएम, आज लेंगी शपथ



मुंबई। दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी और राज्यसभा सांसद सुनेत्रा पवार को महाराष्ट्र का नया उपमुख्यमंत्री बनाए जाने का फैसला लगभग तय हो गया है। राष्ट्रीयवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के वरिष्ठ नेताओं के अनुसार, सुनेत्रा पवार को शनिवार को पार्टी विधायक दल का नेता चुना जाएगा, जिसके बाद वे महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, एनसीपी विधायक दल की बैठक शनिवार दोपहर मुंबई में बुलाई गई है, जिसमें औपचारिक रूप से सुनेत्रा पवार के नाम पर मुहर लगाई जाएगी। इसके तुरंत बाद राज्यपाल के समक्ष उनका शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी इस फैसले पर सहमति जता दी है। सुनेत्रा पवार की नियुक्ति को दिवंगत अजित पवार की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी नेताओं का कहना है कि अजित पवार के आकस्मिक निधन के बाद एनसीपी और महायुति सरकार में नेतृत्व का खालीपन पैदा हो गया था, जिसे भरने के लिए सुनेत्रा पवार को यह जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। गौरतलब है कि अजित पवार का 28 जनवरी को बारामती में हुए विमान हादसे में निधन हो गया था। इसके बाद से ही राज्य की राजनीति में बड़े बदलावों की अटकलें तेज हो गई थीं। उपमुख्यमंत्री पद खाली होने के बाद महायुति सरकार में संतुलन बनाए रखने और एनसीपी को मजबूती देने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने सुनेत्रा पवार के नाम पर सहमति बनाई।

## Iran-US Tension: US ने कर ली ईरान पर हमले की तैयारी?

### खमेनेई को लेकर चेतावनी




वॉशिंगटन/तेहरान। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंचता नजर आ रहा है। ताजा अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका ने मिडिल ईस्ट क्षेत्र में अपनी सैन्य मौजूदगी को तेजी से बढ़ा दिया है, जिससे ईरान पर संभावित सैन्य कार्रवाई की अटकलें तेज हो गई हैं। वहीं ईरान ने भी साफ कर दिया है कि वह किसी भी हमले का कड़ा और निर्णायक जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। अमेरिकी मीडिया और एजेंसियों के अनुसार अमेरिका ने यूएसएस अब्राहम लिंकन एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप समेत कई युद्धपोत और सैन्य संसाधन मिडिल ईस्ट में तैनात कर दिए हैं। इसे ईरान पर दबाव बनाने और संभावित सैन्य विकल्पों की तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है।

इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खमेनेई को लेकर भी बयानबाजी तेज हो गई है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान ने चेतावनी दी है कि अगर खमेनेई पर कोई भी हमला किया गया, तो इसे पूरे ईरान के खिलाफ युद्ध माना जाएगा।

## कूचबिहार में पुल ढहा

### कोई हताहत नहीं; केरल के कोट्टायम में दो शव फंदे से लटके मिले



पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में शनिवार को एक पुल अचानक ढह गया। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय पुल पर कोई वाहन या राहगीर मौजूद नहीं था, जिसके चलते किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर इलाके को घेर लिया है और पुल पर आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गई है। जिला प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए स्थानीय प्रशासन के अनुसार, पुल ग्रामीण इलाकों को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग था। इसके ढहने से आसपास के कई गांवों का संपर्क प्रभावित हुआ है। वैकल्पिक मार्गों से आवागमन की व्यवस्था की जा रही है, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। लोक निर्माण विभाग की टीम को भी मौके पर भेजा गया है, जो पुल की स्थिति का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करेगी। वहीं, केरल के कोट्टायम जिले में एक अलग घटना में दो लोगों के शव फंदे से लटके हुए मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## Amit Shah Assam Visit: असम में घुसपैठियों के खिलाफ गरजे अमित शाह,



डिब्रूगढ़/गुवाहाटी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के असम दौरे के दौरान राज्य में चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया है। सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अगर बीजेपी तीसरी बार सत्ता में आती है, तो असम से हर एक अवैध घुसपैठिए की पहचान कर उसे बाहर किया जाएगा। उनके इस बयान को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए बड़ा चुनावी एजेंडा माना जा रहा है। अमित शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में असम में घुसपैठ पर प्रभावी नियंत्रण किया गया है और अब अगले पांच वर्षों में एक विशेष अभियान चलाकर सभी अवैध घुसपैठियों को चिन्हित कर देश से बाहर किया जाएगा। गृह मंत्री ने स्पष्ट कहा कि "अगर बीजेपी दोबारा सत्ता में आती है, तो एक-एक घुसपैठिए को चिन्हित कर देश से बाहर भेजा जाएगा।" उन्होंने यह भी कहा कि घुसपैठ केवल सुरक्षा का मुद्दा नहीं, बल्कि असम की जमीन, संस्कृति और मूल निवासियों के अधिकारों से जुड़ा गंभीर विषय है। अपने दौरे के दौरान अमित शाह ने डिब्रूगढ़ में असम विधानसभा के नए भवन की आधारशिला भी रखी। इसके अलावा उन्होंने करीब 1,700 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से राज्य में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और असम को उत्तर-पूर्व का विकास केंद्र बनाने में मदद मिलेगी। अमित शाह ने कांग्रेस पर भी तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकारों के दौरान अवैध घुसपैठ को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया इसे वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल किया गया। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी सरकार ने बीते वर्षों में हजारों बीघा जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया है और कानून-व्यवस्था की स्थिति में भी बड़ा सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की मौजूदगी में अमित शाह ने भरोसा जताया कि असम में बीजेपी लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने असम में शांति, विकास और निवेश को बढ़ावा दिया है, जिसका फायदा आम जनता को मिल रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अवैध घुसपैठ का मुद्दा इस बार असम विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बन सकता है।

# Aaj Ka Rashifal 31 January

## इन चार राशि वालों को बिजनेस में होगा मुनाफा, सभी अटके काम भी होंगे पूरे

आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 31 जनवरी 2026 का राशिफल।आज 31 जनवरी शनिवार का दिन है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर मिथुन राशि के बाद कर्क राशि में होगा साथ ही नक्षत्र की बात करें तो चंद्रमा पुनर्वसु नक्षत्र के बाद पुष्य नक्षत्र में संचार करेंगे। आज के दिन बना गजकेसरी योग के बाद अनफा योग बनेगा



### मेष

आज आपको अपने कामों को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा। आपके बिजनेस में कोई डील लटक सकती है, जो बाद में आपके लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं। आप अपने घर परिवार में चल रही समस्याओं को लेकर किसी बाहरी व्यक्ति से बातचीत न करें। आप परिवार में बड़े सदस्यों के साथ समय बिताएंगे, जिससे आप लोगों के बीच रिश्ते भी बेहतर रहेंगे। संतान के मनमाने व्यवहार को लेकर आप परेशान रहेंगे।

### वृषभ

आज के दिन आपकी लिए निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी, लेकिन फिर भी आप किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें। यदि आप कहीं शॉपिंग पर जाए, तो उसमें अपनी जेब का ख्याल अवश्य रखें। जीवन साथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे और कार्यक्षेत्र में आपके खिलाफ कोई षडयंत्र रचा जा सकता है, जिसका आपको चतुर बुद्धि से निवारण करना होगा। कोई मित्र आपसे धन संबंधित मदद मांग सकता है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी और आप अपने पेंडिंग कामों को भी समय से निपटने की कोशिश करेंगे। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को अपनी मेहनत पर भरोसा रखना होगा। जीवनसाथी को प्रमोशन आदि मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपके परिवार में किसी बात को लेकर फैसला जल्दबाजी में लेने की संभावना है, जिसमें आप वाणी का ध्यान रखें।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपकी काम को लेकर टेंशन भरपूर रहेगी, क्योंकि आपको एक साथ कई काम हाथ लगेंगे। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। किसी अतिथि का आगमन होने से परिवार के सदस्य व्यस्त रहेंगे। आप अपनी आय और व्यय में तालमेल बनाकर चले। किसी दूसरे को धन उधार देने से बचें। संतान की फरमाइश पर आप उनके लिए कोई नया लैपटॉप आदि लेकर आ सकते हैं।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बढ़िया रहने वाला है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी और आपको किसी छोड़ी हुई नौकरी का ऑफर आ सकता है। आप अपने बॉस के चाहिते रहेंगे, जिससे आपके शत्रु भी उत्पन्न होंगे। सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर आपकी अच्छी छाप रहेगी। आपके कुछ नए मित्र भी बनेंगे, जिससे आपकी साख व समर्थन में भी इजाफा होगा, लेकिन आप वाहनों का प्रयोग थोड़ा सतर्क रहकर करें।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। शेयर मार्केट में आप अच्छा इन्वेस्टमेंट करने की सोचेंगे, लेकिन आप किसी एक्सपर्ट की राय के बिना आगे ना बढ़े। किसी सदस्य की सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से आपको मेहनत अधिक करनी होगी और आपके मन में भी किसी काम को लेकर निराशा हो सकती है। जीवनसाथी से यदि किसी बात को लेकर मनमुटाव चल रहा है, तो आपको उसे दूर करने की कोशिश करनी होगी। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा।

### तुला

आज का दिन आपके लिए सेहत पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको कुछ उतार-चढ़ाव रहने से समस्या बढ़ेगी। विद्यार्थी अपनी परीक्षा की तैयारी में जमकर मेहनत करेंगे। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपकी काम को लेकर कार्यक्षेत्र में नई छाप रहेगी। बॉस भी आपसे काफी खुश होंगे। जो विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई में चल रही समस्याओं को लेकर परेशान थे, तो वह अपने गुरुजनों से बातचीत कर सकते हैं। आपको किसी दूसरे के मामले में बोलने से बचना होगा।

### वृश्चिक

आज अच्छी सोच का आपको कार्यक्षेत्र में लाभ मिलेगा। आज आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती हैं, जिसे आप आसानी से पूरा करेंगे। यदि प्रॉपर्टी को लेकर कोई डील अटकी हुई थी, तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है। यदि आपने किसी योजना में इन्वेस्टमेंट किया था, तो वह भी आपको आज दोगुना होकर मिलेगा। जो आपकी खुशी का कारण बनेगा। भाई व बहनों को आपको पूरा साथ मिलेगा। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। आपसी सहयोग का भाव आपके मन में रहेगा और आपकी इनकम में वृद्धि होने से काफी खुशी मिलेगी।

### धनु

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है, लेकिन आपके ऊंचे सपने आपकी राह में बाधा डाल सकते हैं। आप अपने काम पर फोकस करने की पूरी कोशिश करेंगे। जीवन साथी और आपके बीच किसी बात को लेकर कड़वाहट की स्थिति उत्पन्न हो सकती हैं। राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहे लोगों को किसी बड़े नेता से मिलने का मौका मिले, तो उसमें अपनी बात उनके सामने अवश्य रखें।

### मकर

आज आपके मन में काम को लेकर नए-नए आइडिया आएंगे, जिन्हें आपको तुरंत व्यवसाय में लगाने की आवश्यकता है और आप अपनी इनकम को बढ़ाने के सोर्स पर भी पूरा ध्यान देंगे। आप किसी विरोधी की बातों में बिल्कुल न आए। आपको अपने लेनदेन से संबंधित मामलों को समय रहते निपटाने की आवश्यकता है। कोई सरकारी काम यदि पेंडिंग था, तो वह भी पूरा हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई पर पूरा ध्यान देना होगा।

### कुंभ

आज आपको बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचना होगा, क्योंकि आपकी इसी आदत के कारण परिवार के सदस्य भी आपसे नाराज हो सकते हैं और आपकी शौक मौज के चीजों में भी इजाफा होगा। आपने यदि किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर की, तो वह इसका फायदा उठा सकते हैं आप अपने घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं, जिसमें परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करने की सोच रहे हैं, तो उन्हें भी कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा।

### मीन

आज का दिन आपके लिए व्यर्थ के झगड़े व झंझटों से दूर रहने के लिए रहेगा। यदि आप परिवार में किसी को कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर खरे उतरेंगे। आपको अपने निजी मामलों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको संतान पक्ष की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं और आपको अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी, जिसमें आप पुराने गिले-शिकवे न उखाड़े। आपके मन में यदि किसी के प्रति ईर्ष्या द्वेष की भावना हो, तो आपको उसे दूर करके आपको आगे बढ़ना होगा।

दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है।

# UP Weather: फिर से लौटी ठंड

## कोहरे से ढका आधा प्रदेश, हल्की बूंदाबांदी जारी; यहां दृश्यता हुई शून्य




यूपी में बारिश और ओलावृष्टि के बाद ठंड फिर लौट आई है। कई जिलों में घना कोहरा छाया है, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई है। बर्फीली हवाओं से तापमान गिरा है।यूपी में बारिश और ओले गिरने के बाद ठंड फिर लौट आई है। शनिवार सुबह से लखनऊ, कानपुर, आगरा, बरेली, गाजियाबाद समेत कई जिलों में घना कोहरा छाया है। कई जिलों में विजिबिलिटी 10 मीटर तक है। बर्फीली हवाओं से तापमान में 3 से 5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। सुबह-शाम गलन बढ़ गई है। सड़कों पर सन्नाटा है। गाड़ियों से निकले लोगों के हाथ सुन्न हो जा रहे हैं। लोग गर्म कपड़े पहनकर और अलाव सेंककर ठंड से बचते नजर आ रहे हैं।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 31 जनवरी तक कोहरे में बढ़ोतरी होगी और कुछ क्षेत्रों में घना कोहरा छा सकता है। फरवरी के पहले सप्ताह में नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से एक से तीन फरवरी के बीच पश्चिमी और पूर्वी दोनों संभागों में बारिश होने की संभावना है। इस दौरान तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है और कोहरे से राहत मिलेगी। चार फरवरी से तापमान में फिर हल्की गिरावट आने के आसार हैं। शुक्रवार को 8 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ बुलंदशहर सबसे ठंडा रहा। वहीं 21.9 डिग्री अधिकतम तापमान के साथ आगरा सबसे गर्म रहा।कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरेया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं। कभी विक्षोभ तो कभी हवा का रुख बदलने से लखनऊ में दिन व रात के तापमान में उतार चढ़ाव जारी है। एक फरवरी को एक नया विक्षोभ सक्रिय हो रहा है इसके असर से तापमान में दोबारा बदलाव दिखेगा।

# बीएचयू बवाल: 100 वीडियो,

## 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही पुलिस; पथराव में तीन छात्र हुए थे घायल

बीएचयू में बवाल के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। इन आरोपियों में एक जिलाबदर है। मामले में सात नामजद के खिलाफ लंका थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।जातिगत टिप्पणी पर बीएचयू बवाल के सूत्रधारों की गिरफ्तारी के लिए लंका पुलिस दबिश दे रही है। बीएचयू में प्रवेश और निकास द्वार समेत अन्य प्रमुख चौराहों पर लगे सीसी कैमरे की 50 से अधिक फुटेज खंगाल रही है। घटना के दौरान वायरल 100 से अधिक वीडियो की भी जांच की जा रही है। सात नामजद आरोपियों में बाबतपुर का रहने वाला दर्शिल पांडेय जिलाबदर भी है। अन्य आरोपियों में रोशन मिश्रा, शशांक सिंह, विशाल, विश्वजीत यादव के भी आपराधिक इतिहास की जानकारी संबंधित थाने की पुलिस की मदद से जुटाई जा रही है।



हॉस्टल की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और गेट पर बाहरी नंबर की गाड़ियों की भी जांच की जा रही है। शुक्रवार को भी परिसर में सख्ती रही और सुरक्षाकर्मियों ने संदिग्धों की तलाशी ली।



बीएचयू परिसर में बिरला और रूईया हॉस्टल के छात्रों के बीच बृहस्पतिवार की दोपहर मारपीट, पथराव में तीन छात्र घायल हो गए थे। दोपहर से देर शाम तक स्थिति बेकाबू रही। लंका पुलिस की मौजूदगी के बावजूद छात्रों ने जमकर बवाल काटा। इस दौरान बीएचयू प्रॉक्टोरियल बोर्ड एकदम असहज रहा। चीफ प्रॉक्टर प्रो. संदीप पोखरिया समेत अन्य सुरक्षा कर्मी उग्र छात्रों को समझाने में नाकाम रहे। हालात बिगड़ने पर पीएसी और कमिश्नरेट पुलिस की 10 थानों की फोर्स परिसर में घुसी तो छात्र शांत हुए।एलबीएस और बिरला हॉस्टल के बीच मारपीट और पेट्रोल बम फेंकने जैसी घटना साल 2019 के दौरान हुई थी।

## ग्लोबल स्टाइल आइकन अवॉर्ड से सम्मानित हुए शाहरुख



दुबई से शाहरुख खान के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। उन्हें यहां ग्लोबल स्टाइल आइकन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। शाहरुख खान को देखकर विदेशी मीडिया भी दीवाना हो गया। कुछ दिन पहले बॉलीवुड के किंग यानी शाहरुख खान दुबई के लिए रवाना हुए थे। शुक्रवार रात उन्हें दुबई में ग्लोबल स्टाइल आइकन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। शनिवार को दुबई से शाहरुख खान के कई वीडियो वायरल हुए, जिसमें उनका स्टाइलिश अंदाज नजर आया। दुबई की कई नामी हस्तियां भी उनके साथ नजर आईं। शाहरुख खान को दुबई के एक मॉल में देखा गया। यहां पर बड़ी संख्या में विदेशी मीडिया भी मौजूद था। हर कोई शाहरुख के फोटो क्लिक करने की होड़ में नजर आया। शाहरुख भी इस मौके पर ब्लै ब्लेजर में नजर आए। उनके स्टाइलिश अंदाज ने महफिल ही लूट ली। शाहरुख खान को ग्लोबल स्टाइल आइकन अवॉर्ड से भी सम्मान किया

## कॉकटेल 2' के निर्देशक ने फिल्म को लेकर दी बड़ी अपडेट,



'कॉकटेल 2' के निर्देशक होमी अदजानिया ने फिल्म को लेकर एक अपडेट दी है। उन्होंने पोस्ट के साथ एक तस्वीर भी शेयर की है। आइए जानते हैं पोस्ट में क्या है?शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म 'कॉकटेल 2' इस साल सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है। दर्शक इस फिल्म की हर अपडेट पाना चाहते हैं। अब तक इस फिल्म की रिलीज डेट का आधिकारिक तौर पर एलान नहीं हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म 2026 के आखिर में रिलीज हो सकती है। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है।फिल्म 'कॉकटेल 2' की शूटिंग पूरी होने पर निर्देशक होमी अदजानिया के साथ शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना ने जश्न मनाया है

# इंडस्ट्री में धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं



दिग्गज संगीतकार एआर रहमान ने पिछले दिनों इंडस्ट्री में सांप्रदायिकता के बढ़ते प्रभाव की बात कहकर इंडस्ट्री में एक नई बहस को जन्म दे दिया है। इसके बाद इंडस्ट्री दो हिस्सों में बंटी नजर आई। एक ओर जहां कई सेलेब्स ने रहमान को सपोर्ट किया, तो वहीं कई लोगों ने रहमान की इस को गलत बताते हुए इसका विरोध किया। अब अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने भी एआर रहमान के बयान पर प्रतिक्रिया दी है।डीडी न्यूज से बातचीत में रानी मुखर्जी ने एआर रहमान के बॉलीवुड में सांप्रदायिक प्रभाव और काम पर पड़ने वाले असर के बारे में बात की। रानी ने कहा कि बॉलीवुड सबसे धर्मनिरपेक्ष जगह है और मैं इस पर पूरी तरह विश्वास करती हूं। यहां जाति या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। इंडस्ट्री में अपने 30 वर्षों में मैंने कभी भी ऐसा कुछ अनुभव नहीं किया। मुझे यह इंडस्ट्री बहुत पसंद है। इसने मुझे वह बनाया है जो मैं आज हूं। मैं यह दिल से कह रही हूं, यहां योग्यता मायने रखती है। आपका काम ही आपकी पहचान है और अंततः दर्शक जिस व्यक्ति से जुड़ते हैं, वही टिकता है और सफल होता है। मेरे लिए बॉलीवुड सबसे धर्मनिरपेक्ष और सबसे अद्भुत जगहों में से एक है।एआर रहमान ने बीबीसी एशियन नेटवर्क से बातचीत के दौरान कहा था, 'आजकल जो लोग रचनात्मक नहीं हैं, उनके पास फैसले लेने की शक्ति है। यह शायद एक सांप्रदायिक मुद्दा भी रहा हो, लेकिन मेरे सामने नहीं। मुझे कानाफूसी की तरह पता चला कि उन्होंने आपको बुक किया था, लेकिन संगीत कंपनी ने आगे बढ़कर अपने पांच संगीतकारों को काम पर रख लिया। मैं अपने परिवार के साथ सुकून से समय बिता सकता हूं।' इसके अलावा रहमान ने 'छावा' को विभाजनकारी फिल्म भी बताया था।रानी मुखर्जी की फिल्म 'मर्दानी 3' आज (30 जनवरी) ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म में रानी मुखर्जी के अलावा मल्लिका प्रसाद, प्रजेश कश्यप, जानकी बोड़ीवाला, मिखाइल यवलकर, दिग्विजय श्रीकांत रोहिदास, जिम्पा संगपो भूटिया और इंद्रनील भट्टाचार्य जैसे सितारे हैं। इसके बाद साल 2019 में ' मर्दानी 2' रिलीज हुई है। क्रिटिक्स से तीसरी किस्त को सकारात्मक रिएक्शन मिले हैं।

# विवाद के बीच पलाश मुछाल ने शुरू की नई फिल्म की शूटिंग



हाल ही में बॉलीवुड म्यूजिक कंपोजर, डायरेक्टर पलाश मुछाल एक विवाद के कारण सुर्खियों में बने रहे। उन पर एक व्यक्ति विज्ञान माने ने पैसों की धोखधड़ी का आरोप लगाया। इस विवाद के बीच पलाश अपने काम पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है।पिछले दिनों म्यूजिक कंपोजर, डायरेक्टर पलाश मुछाल विवादों में घिरे रहे। उन पर फाइनेंशियल चीटिंग और फ्रॉड के गंभीर आरोप लगे। यह आरोप सांगली निवासी विज्ञान माने ने लगाए। पलाश मुछाल ने आरोप लगाने वाले व्यक्ति पर 10 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा ठोका। हाल ही में पलाश ने भी विज्ञान माने के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया। इस पूरे विवाद के बीच वह अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग करते नजर आए। शूटिंग से जुड़ा अपडेट पलाश मुछाल ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया।

# सोशल मीडिया क्यों डिलीट करना चाहती हैं आलिया भट्ट? साझा की दिल की बात



आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया को लेकर एक बात कही है। उन्होंने 2022 में रणबीर कपूर से शादी की। इसी साल उन्होंने बच्ची राहा को जन्म दिया था। आलिया भट्ट बॉलीवुड की सबसे कामयाब अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनके मुताबिक 2022 में मां बनने के बाद उनके अंदर कई बदलाव आए हैं। हाल ही में उन्होंने एक बातचीत में बताया कि वह अपना सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट करना चाहती हैं। आइए जानते हैं उन्होंने क्यों कहा है?एस्क्वायर इंडिया से बातचीत में आलिया भट्ट ने बताया कि कई बार लगता है कि सोशल मीडिया से दूरी बना ली जाए और सिर्फ अपने काम पर ध्यान दिया जाए। एक अभिनेत्री होने के नाते अभिनय ही असली पहचान है। लगातार ऑनलाइन मौजूद रहने का दबाव कई बार थका देता है। आलिया के मुताबिक कुछ दिन ऐसे होते हैं जब मन करता है कि सारे सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट कर दिए जाएं। एक एक्ट्रेस के तौर पर जिया जाए।आलिया ने आगे कहा 'जब अपनी निजी जिंदगी को सबके सामने लाने की बात आती है, तो थोड़ा मुश्किल लगता है। मेरी फोटो एल्बम राहा से भरी हुई है। मुझे अपनी तस्वीरें लेने के लिए सच में बहुत मेहनत करनी पड़ती है।' आलिया भट्ट ने यह भी बताया कि मां बनने के बाद उनमें कई बदलाव हुए हैं।आलिया भट्ट का परिवार आपको बता दें कि आलिया भट्ट ने कई वर्षों तक रणबीर कपूर को डेट करने के बाद अप्रैल 2022 में शादी की। उनकी पहली बच्ची राहा का जन्म नवंबर 2022 में हुआ। आलिया भट्ट का वर्कफ्रंटआलिया भट्ट जल्द ही संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में नजर आने वाली हैं। इसमें उनके साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल अहम भूमिकाओं में होंगे। इसके अलावा वो यशराज फिल्म्स की 'अल्फा' का भी हिस्सा हैं, जिसमें शरवरी वाघ और बॉबी देओल भी नजर आएंगे।आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है- 'डोंट बी शाय'। यह प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्माण आलिया ने अपनी बहन शाहीन भट्ट के साथ मिलकर किया है। जानिए इस फिल्म में क्या खास है

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त



## Adani Group: यूएस SEC केस में अदाणी भाइयों ने कानूनी नोटिस लेने पर जताई सहमति, जानें क्या है पूरा मामला



अमेरिका के सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (US SEC) द्वारा दायर सिविल फ्रॉड केस में अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी ने कानूनी नोटिस स्वीकार करने पर सहमति जता दी है। न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में दाखिल संयुक्त आवेदन के मुताबिक, अदाणी भाइयों के अमेरिकी वकीलों ने SEC के लीगल पेपर्स लेने पर सहमति दे दी है, जिससे लंबे समय से चल रही नोटिस सर्व करने की प्रक्रिया से जुड़ी अड़चन दूर हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट की मंजूरी मिलने के बाद अदाणी भाइयों को SEC के आरोपों पर 90 दिनों के भीतर जवाब दाखिल करना होगा।

SEC ने नवंबर 2024 में यह मुकदमा दायर किया था, जिसमें आरोप लगाया गया है कि अदाणी ग्रीन एनर्जी से जुड़े एक मामले में निवेशकों को गुमराह किया गया और कथित तौर पर रिश्वत योजना से जुड़े तथ्यों को छिपाया गया। हालांकि, अदाणी समूह लगातार इन सभी आरोपों को खारिज करता रहा है।

## Gold Silver Price: सर्राफा बाजार में हाहाकार चांदी एक दिन में सवा लाख टूटी, सोना भी 33 हजार लुढ़का




सर्राफा बाजार और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) में शुक्रवार को सोने-चांदी की कीमतों में ऐतिहासिक गिरावट दर्ज की गई। एक ही कारोबारी दिन में चांदी 1 लाख रुपये से ज्यादा टूट गई, जबकि सोने की कीमतों में भी 33 हजार रुपये से अधिक की बड़ी गिरावट देखने को मिली। इस तेज गिरावट ने निवेशकों और कारोबारियों को चौंका दिया है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि लंबे समय से बनी तेजी के बाद अब कीमती धातुओं में तेज करेक्शन देखने को मिल रहा है। 5 मार्च एक्सपायरी वाली चांदी गुरुवार को 3,99,893 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी जो शुक्रवार को गिरकर 2,91,922 रुपये प्रति किलो पर आ गई। यानी एक ही दिन में चांदी की कीमत 1,07,971 रुपये टूट गई। वहीं गुरुवार को बने 4,20,048 रुपये के रिकॉर्ड हाई से तुलना करें तो महज 24 घंटे में चांदी करीब 1,28,126 रुपये तक लुढ़क चुकी है। इसे बाजार में चांदी के "बुलबुले के फूटने" के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं अगर गुरुवार के लाइफ टाइम हाई 1,93,096 रुपये से तुलना की जाए, तो सोना अपने ऊपरी स्तर से 42,247 रुपये प्रति 10 ग्राम तक टूट चुका है।

## Airbus: भारत बनेगा दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन बाजार

### एयरबस का दावा- 2035 तक तीन गुना होंगे हवाई जहाज




यूरोपीय विमान निर्माता कंपनी एयरबस ने दावा किया है कि भारत 2035 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन बाजार बन जाएगा। कंपनी के अनुसार, अगले एक दशक में भारतीय एयरलाइंस के बेड़े में विमानों की संख्या करीब तीन गुना बढ़कर लगभग 2,250 तक पहुंच सकती है। यह बयान एयरबस इंडिया एंड साउथ एशिया के प्रेसिडेंट जर्गेन वेस्टरमायर ने 'विंग्स इंडिया 2026' कार्यक्रम के दौरान दिया। अनुमान है कि 2035 तक करीब 35,000 पायलट और 34,000 तकनीकी कर्मियों की आवश्यकता पड़ेगी।

एयरबस के मुताबिक, भारत में तेज आर्थिक विकास, बढ़ता मध्यम वर्ग और पहली बार हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में तेजी इस ग्रोथ के मुख्य कारण हैं।

## Trade: यूरोपीय संघ-भारत के बीच व्यापार समझौता अमेरिका के लिए रणनीतिक संकेत, नोबेल विजेता अर्थशास्त्री का बयान



यूरोपीय संघ और भारत के बीच हुए ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को लेकर नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता अमेरिका के लिए एक "रणनीतिक संकेत" है, जिससे यह संदेश जाता है कि भारत और यूरोप अब अपने व्यापारिक विकल्पों को विविध बना रहे हैं और केवल अमेरिका पर निर्भर नहीं रहना चाहते। बनर्जी के मुताबिक, यह डील वॉशिंगटन को यह दिखाने के लिए काफी है कि वैश्विक व्यापार में भारत और यूरोप के पास वैकल्पिक साझेदार मौजूद हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि इस समझौते से मिलने वाले फायदे अपने-आप नहीं आएंगे।

अभिजीत बनर्जी ने कहा कि भारत को लॉजिस्टिक्स, सप्लाई चेन और समग्र दक्षता में बड़े सुधार करने होंगे, तभी यह समझौता व्यापक आर्थिक लाभ में बदल पाएगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि वैश्विक बाजार में सिर्फ टैरिफ कम होना काफी नहीं है, बल्कि समय पर डिलीवरी, बंदरगाहों की कार्यकुशलता और परिवहन व्यवस्था भी बेहद अहम है।

## Railways: पटरी पर दौड़ेगा AI और स्लीपर वंदे भारत का विजन

### रेलवे को मिल सकता है 2.80 लाख करोड़ का रिकॉर्ड आवंटन



केंद्रीय बजट 2026 से पहले भारतीय रेलवे को लेकर बड़ी तैयारियों के संकेत मिल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, आगामी बजट में रेलवे को करीब 2.80 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन मिल सकता है। यह अब तक का सबसे बड़ा बजटीय प्रावधान माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य रेलवे के आधुनिकीकरण, सुरक्षा, नई तकनीक और यात्री सुविधाओं को नई ऊंचाई पर ले जाना है। सरकार की योजना के तहत रेलवे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित सिस्टम को बड़े पैमाने पर लागू किया जाएगा।

AI की मदद से ट्रैक मॉनिटरिंग, दुर्घटना रोकथाम, सिग्नलिंग सिस्टम, कोच मेंटेनेंस और ट्रेन संचालन को और अधिक स्मार्ट और सुरक्षित बनाया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, AI आधारित सेंसर और डेटा एनालिटिक्स से ट्रैक में खराबी, पहियों और इंजन की तकनीकी दिक्कतों का पहले ही पता लगाया जा सकेगा, जिससे हादसों की आशंका कम होगी।

## India-EU FTA: 'गेमचेंजर' होगा समझौता

### अमेरिका के बजाय यूरोप पर फोकस से बिना अतिरिक्त क्षमता बढ़ाए



भारत-यूरोपीय संघ (India-EU) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा "गेमचेंजर" माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका के बजाय यूरोप पर फोकस बढ़ाने से भारत को बिना अतिरिक्त उत्पादन क्षमता बढ़ाए भी बड़ा फायदा मिल सकता है। यूरोपीय बाजार में भारतीय उत्पादों की मांग पहले से मौजूद है और FTA के लागू होने से टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाएं कम होंगी। इस समझौते से भारत के टेक्सटाइल, फार्मा, ऑटो कंपोनेंट्स, आईटी सेवाओं और इंजीनियरिंग गुड्स को यूरोपीय बाजार में बेहतर पहुंच मिलने की उम्मीद है।

अमेरिका की तुलना में यूरोप के साथ व्यापार में अनिश्चितताएं कम मानी जाती हैं। अमेरिका जहां समय-समय पर टैरिफ और नीतिगत बदलाव करता रहा है, वहीं यूरोपीय संघ के साथ दीर्घकालिक और नियम-आधारित व्यापार व्यवस्था की संभावना अधिक है। इससे भारतीय निर्यातकों को स्थिरता और भरोसेमंद बाजार मिलेगा।

## भारत दुनिया का पावरहाउस: 135 अरब डॉलर रेमिटेंस

### 701 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार; लगातार बढ़ रही हिस्सेदारी



भारत की अर्थव्यवस्था ने एक बार फिर अपनी मजबूती का लोहा मनवाया है। 2024-25 में देश को 135.4 अरब डॉलर का रेमिटेंस मिला, जबकि विदेशी मुद्रा भंडार 701 अरब डॉलर के स्तर तक पहुंच गया। भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपनी मजबूती का लोहा एक बार फिर मनवाया है। इकोनॉमिक सर्वे के अनुसार भारत ना केवल दुनिया का सबसे बड़ा रेमिटेंस हासिल करने वाला देश बना हुआ है, बल्कि विदेशी मुद्रा भंडार भी रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गया है। 2024-25 में भारत को कुल 135.4 अरब डॉलर का रेमिटेंस मिला। सबसे बड़ी बात यह रही कि

अब भारत आने वाले पैसे में विकसित देशों की हिस्सेदारी बढ़ रही है। इस बात से पता चलता है कि विदेशों में भारतीय स्किल और प्रोफेशनल वर्कर्स की मांग और कमाई दोनों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 16 जनवरी तक 701.4 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। इस भंडार के जरिये देश लगभग 11 महीनों के आयात को कवर कर सकता है।

## Biz Updates: 40 फीसदी गिग कर्मचारी की कमाई 15 हजार से कम, कौशल विकास से रोजगार बढ़ाने की जरूरत



देश के करीब 40 फीसदी गिग (अस्थायी) कर्मचारी हर महीने 15,000 रुपये से भी कम कमाते हैं। यह आंकड़ा बताता है कि नियमित एवं अस्थायी रोजगार के बीच कमाई के मोर्चे पर अब भी एक बड़ी खाई है, जिसे पाटने के लिए उचित मजदूरी सुनिश्चित करने की जरूरत है। साथ ही, 1.20 करोड़ से अधिक गिग कर्मचारियों के वेतन में सुधार के लिए नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता है। जोमैटो संस्थापक दीपिंदर गोयल ने हाल ही में कहा था कि उनके प्लेटफॉर्म पर डिलीवरी पार्टनर दिन में 8-10 घंटे और सप्ताह में छह दिन काम कर हर माह रुपये कमा सकते हैं। लेकिन, आर्थिक समीक्षा में इससे जुड़ी एक अलग ही सच्चाई सामने आई है। आर्थिक समीक्षा में नियमित एवं अस्थायी रोजगार के बीच कमाई के अंतर को कम करने के लिए प्रति घंटा या प्रति काम के हिसाब से न्यूनतम कमाई तय करने का सुझाव दिया गया है, जिसमें वेटिंग अवधि का मुआवजा भी शामिल हो।

## PT Usha Husband Death: पीटी उषा के पति वी श्रीनिवासन का निधन, आईओए अध्यक्ष से बात कर पीएम मोदी ने जताया दुख


भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पीटी उषा के पति वी श्रीनिवासन का 67 वर्ष की आयु में कोझिकोड में निधन हो गया। वे शुक्रवार तड़के घर पर बेहोश होकर गिर पड़े थे और अस्पताल में उन्हें बचाया नहीं जा सका। श्रीनिवासन केंद्र सरकार के पूर्व कर्मचारी थे और पीटी उषा के करियर में हमेशा मजबूत सहारा बने रहे। भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पीटी उषा के पति वी श्रीनिवासन का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, उनका देहांत केरल के कोझिकोड स्थित आवास पर हुआ। वे 67 वर्ष के थे। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह श्रीनिवासन अपने घर पर अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। घटना से परिवार और करीबी लोगों में शोक की लहर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीटी उषा से फोन पर बात कर उनके पति के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की।



प्रधानमंत्री ने इस कठिन समय में परिवार के प्रति अपनी सहानुभूति और समर्थन भी जताया। वी श्रीनिवासन केंद्र सरकार के पूर्व कर्मचारी रह चुके थे। वे पीटी उषा के खेल और राजनीतिक जीवन में हमेशा उनके साथ खड़े रहे। उन्हें उषा के करियर में सबसे मजबूत सहारा और प्रेरणास्रोत माना जाता था। चाहे पीटी उषा का ऐतिहासिक खेल करियर हो या फिर आईओए अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद के रूप में उनकी भूमिका, श्रीनिवासन हर चरण में उनके साथ मौजूद रहे। खेल जगत में उन्हें एक शांत, सहयोगी और समर्पित जीवनसाथी के रूप में जाना जाता था। पीटी उषा और वी श्रीनिवासन के एक पुत्र उज्ज्वल हैं। परिवार ने इस कठिन समय में निजता बनाए रखने की अपील की है। कई दिग्गज खिलाड़ियों और संगठनों ने पीटी उषा के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## Virat Kohli: इंस्टाग्राम से गायब हुआ विराट कोहली का अकाउंट

पूर्व भारतीय कप्तान और स्टार क्रिकेटर विराट कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट अचानक गायब हो गया है। सर्च करने पर उनकी प्रोफाइल दिखाई नहीं दे रही, जिससे फैंस में हैरानी की स्थिति बन गई है। फिलहाल, विराट या उनकी टीम की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पूर्व भारतीय कप्तान और स्टार क्रिकेटर विराट कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट गुरुवार-शुक्रवार की देर रात अचानक गायब हो गया। इंस्टाग्राम पर उनका नाम सर्च करने पर न तो उनकी प्रोफाइल दिख रही है और न ही कोई पोस्ट, जिससे फैंस हैरान और चिंतित नजर आ रहे हैं। विराट कोहली के इस कदम या तकनीकी समस्या को लेकर अब तक उनकी टीम या मैनेजमेंट की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। सोशल मीडिया पर उनके करोड़ों चाहने वाले लगातार सवाल उठा रहे हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टार का अकाउंट ही नजर नहीं आ रहा। विराट कोहली दुनिया के सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले क्रिकेटर हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 274 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। ऐसे में उनका अकाउंट अचानक गायब होना चर्चा का विषय बन गया है। यह पहली बार नहीं है जब विराट कोहली ने सोशल मीडिया को लेकर बड़ा



फैसला लिया हो। इससे पहले वे अपने अकाउंट से कई विज्ञापन पोस्ट हटा चुके हैं, यह कहते हुए कि वे क्रिकेट और परिवार पर ज्यादा ध्यान देना चाहते हैं। हालांकि, इस बार पूरा अकाउंट ही नजर न आना फैंस के लिए चौंकाने वाला है। भारतीय क्रिकेट के स्टार विराट कोहली ने अपने इंटरनेशनल करियर में अब तक कुल 85 शतक लगाए हैं। कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में 123 मैचों की 210 पारियों में कुल 9230 रन बनाए हैं, जिसमें 30 शतक शामिल हैं। उन्होंने 46.85 की औसत से खेलते हुए अपना सर्वोच्च स्कोर 254 नाबाद दर्ज किया। वहीं, वनडे में विराट कोहली का प्रदर्शन और भी शानदार रहा है। उन्होंने 311 मैचों में 14797 रन बनाए और अपने नाम 54 शतक दर्ज किए। 58.71 की औसत और 93 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट के साथ वह सीमित ओवरों के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। जबकि टी-20 क्रिकेट में भी कोहली ने 4188 रन बनाए और 1 शतक लगाया। टेस्ट और टी-20 से पहले ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया है।

## Thailand Masters: ईशरानी बरुआ ने किया उलटफेर, दूसरी वरीय सुंग शुओ युन को हराया

भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी ईशरानी बरुआ ने थाईलैंड मास्टर्स टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। ईशरानी ने महिला एकल वर्ग में बड़ा उलटफेर किया और दक्षिण कोरिया की सुंग शुओ युन को हरा दिया। भारत की ईशरानी बरुआ ने गुरुवार को थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता के महिला एकल में दक्षिण कोरिया की दूसरी वरीयता प्राप्त सुंग शुओ युन को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।



भारत की विश्व नंबर 48 खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 34वीं वरीयता प्राप्त सुंग को कड़े मुकाबले में 21-13, 14-21, 21-14 से मात दी। ईशरानी की हमवतन देविका शाइग ने भी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ताइपे की तुंग सिओ-टोंग को 21-14, 21-14 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। महिला एकल के दूसरे राउंड ऑफ 16 मुकाबले में सातवें स्थान पर रहीं भारत की किरण जॉर्ज इंडोनेशिया की प्रादिस्का बगास शुजीवो से 16-21, 11-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। थारुन मन्नेपल्ली ने पुरुष एकल में ताइपे के टिंग येन-चेन को 21-17, 14-21, 24-22 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मिथुन मंजुनाथ हालांकि ली जी जिया की चुनौती से पार नहीं पा सके और अंतिम 16 मैच में 11-21, 21-16, 21-12 से हार गए। भारत की उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी ईशरानी बरुआ ने थाईलैंड मास्टर्स टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ा उलटफेर किया है।

## Hockey India: राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए संभावित पुरुष हॉकी खिलाड़ियों की सूची जारी, मनप्रीत शामिल नहीं

हॉकी इंडिया ने गुरुवार को पुरुष राष्ट्रीय शिविर के लिए 33 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की है। इसमें मनप्रीत सिंह का नाम शामिल नहीं हैं। मनप्रीत भारतीय टीम के अहम सदस्य रहे हैं, लेकिन संभावित खिलाड़ियों में उनका नाम नहीं होना हैरान करने वाला है। भारतीय हॉकी के सबसे जाने-माने खिलाड़ियों में से एक और मध्यपंक्ति के दिग्गज खिलाड़ी मनप्रीत सिंह का नाम आगामी एफआईएच प्रो लीग सत्र से पहले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए चुने गए 33 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं है। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को संभावित खिलाड़ियों की सूची घोषित की। प्रो लीग का सत्र अगले महीने राउरकेला में शुरू होगा। दो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीमों के सदस्य और 33 वर्षीय पूर्व भारतीय कप्तान मनप्रीत 15 वर्षों में पहली बार शिविर के लिए संभावित खिलाड़ियों की सूची में जगह नहीं बना पाए हैं। वह हॉकी इंडिया के वर्तमान अध्यक्ष दिलीप टिर्की के साथ 412 मैचों के साथ संयुक्त रूप से सबसे अधिक मैच खेलने वाले भारतीय खिलाड़ी बनने से सिर्फ एक मैच दूर हैं। राउरकेला में 10 से 15 फरवरी तक होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों से पहले एक से सात फरवरी तक यह शिविर आयोजित किया जाएगा। गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक को भी संभावित टीम में जगह नहीं मिली है, जबकि प्रिंसदीप सिंह को पिछले साल के आखिर में राजगीर में जूनियर एशिया कप में शानदार प्रदर्शन के कारण सीनियर टीम में जगह मिली है।



## Australian Open: टूर्नामेंट में अपना खुद का इतिहास रचना चाहते हैं जोकोविच, 25वें ग्रैंडस्लैम से बस दो जीत दूर

जोकोविच से उस दौर से तुलना करने के लिए कहा गया जब उन्होंने टेनिस जगत में कदम रखा था तथा उस समय रोजर फेडरर और राफेल नडाल शीर्ष पर थे और अब जबकि सिनर और कार्लोस अल्काराज ने पिछले दो सत्र से उन्हें कोई भी ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने से रोक रखा है। पुरुष टेनिस इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में यानिक सिनर के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और वह खुद का इतिहास रचने पर ध्यान दे रहे हैं। अब तक रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाले जोकोविच जब सिनर के खिलाफ मुकाबले के संदर्भ में सवालों का जवाब दे रहे थे तब एक सवाल पर उन्हें अपमान महसूस हुआ। जोकोविच वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 11वां खिताब जीतने की कवायद में हैं। जोकोविच से उस दौर से तुलना करने के लिए कहा गया जब उन्होंने टेनिस जगत में कदम रखा था तथा उस समय रोजर फेडरर और राफेल नडाल शीर्ष पर थे और अब जबकि सिनर और कार्लोस अल्काराज ने पिछले दो सत्र से उन्हें कोई भी ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने से रोक रखा है। जोकोविच ने सवालिया अंदाज में कहा, 'मैं यानिक और कार्लोस का पीछा कर रहा हूं। किस अर्थ में। मैं हमेशा पीछा करने वाला खिलाड़ी ही रहा हूं। मेरा कभी पीछा नहीं किया जाता। उन्होंने कहा, 'मुझे यह थोड़ा अपमानजनक लगता है कि आप उस दौर के बीच की घटनाओं को नजरअंदाज कर रहे हैं जब मैंने आपके अनुसार राफा और रोजर का पीछा करना शुरू किया था और अब मैं कार्लोस और यानिक का पीछा कर रहा हूं। शायद बीच में लगभग 15 साल का ऐसा समय था जब मैं ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए हुए था। जोकोविच ने कहा, 'इसे सही परिप्रेक्ष्य में देखना महत्वपूर्ण है। सच कहूं तो मुझे ऐसा नहीं लगता कि मैं किसी का पीछा कर रहा हूं। मैं अपना खुद का इतिहास रच रहा हूं।' ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष वर्ग में शीर्ष चार वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। पहला सेमीफाइनल दूसरी वरीयता प्राप्त सिनर और जोकोविच के बीच खेला जाएगा जबकि नंबर एक कार्लोस अल्काराज़ और नंबर तीन अलेक्जेंडर ज़्वेरेव शुक्रवार को दूसरे सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। इन दोनों मैच के विजेता रविवार को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगे।



# BOOK YOUR ADVERTISEMENT

+91 7088120612



